ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण,

भूखण्ड संख्या–1, नॉलेज पार्क–4 ग्रेटर नोएडा सिटी,
जिला गौतम बुद्ध नगर (उ0प्र0)

पत्रांकः–ग्रे0नो0 / आई.टी / 2024 / 1434
दिनांकः– 03 / 10 / 2024

सेवा में,

M/s. Yashoda Hospital and Research Centre Ltd.
III-M, Nehru Nagar,
Ghaziabad-201001.

विषयः–आई0टी0ई0एस0 योजनान्तर्गत आवंटित भूखण्ड सख्याः–01, सैक्टर–टेकजोन–07, ग्रेटर नोएडा के सन्दर्भ में।

महोदय,

कृपया प्राधिकरण में प्रेषित अपने पत्र दिनांक 24.07.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जिसके माध्यम से आपके पक्ष में आवंटित भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर–टेकजोन–07, ग्रेटर नोएडा के संबंध में Regional Director (NR) द्वारा दिनांक 29.08.2022 को पत्रांकः–233/T-2(2022)/X17692005/7239 के माध्यम से पारित आदेश को सलंग्न करते हुए आपके द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटन के समय आपकी कम्पनी का नाम यशोदा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर लि0 था जोकि वर्तमान में डिर्मजर के माध्यम से यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स प्रा0 लि0 हो गया है। अतः आपके द्वारा उक्त नाम परिवर्तन को प्राधिकरण रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

उपरोक्त के दृष्टिगत अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्राधिकरण में उपलब्ध कराये गये उपरोक्त सन्दर्भित Regional Director (NR) द्वारा दिनांक 29.08.2022 को पत्रांकः–233/T-2(2022)/X17692005/7239 के माध्यम से पारित आदेश एवं अन्य प्रपत्रों / अभिलेखों के आधार पर प्राधिकरण रिकार्ड में दर्ज आपका नाम यशोदा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर लि0 के स्थान पर यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स प्रा0 लि0 दर्ज किया जाता है। इसके अतिरिक्त योजना ब्रोशर / आवंटन / पट्टा प्रलेख एवं प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर लिये गये निर्णयों में प्राविधानित शर्ते / प्राविधान यथावत् रहेंगे।

नोटः– उक्त पत्र सम्परीक्षा के अधीन जारी किया जा रहा है। यदि भविष्य में आपको आवंटित भूखण्ड के सापेक्ष गणना, नीति, अनुपालन अथवा कोई त्रुटि पायी जाती है तो तदानुसार निकलने वाली देयता को प्राधिकरण के पक्ष में जमा कराया जाना होगा।

भवदीय,

(एन.के सिंह)
विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0)

प्रतिलिपिः–

1. **मैसर्स** यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स प्रा0 लि0, रजि0 पता–एच–1, कौशाम्बी, गाजियाबाद, उ0प्र0–201010 को सूचनार्थ।

विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0)

प्रारूप-घ (संलग्नक-3)
औपबन्धिक (प्रोविजनल) अनापत्ति प्रमाणपत्र

यूआईडी संख्या: UPFS/2023/100865/GBN/GAUTAM BUDDH NAGAR/23924/JD

दिनांक:23-11-2023

प्रमाणित किया जाता है कि मैसर्स **YASHODA HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE LTD.BIO-TECH PARK** (भवन/प्रतिष्ठान का नाम) पता **PLOT NO-01,SECTOR-TECHZONE-07,GREATER NOIDA** तहसील - **DADRI** प्लाट एरिया **41390.13 sq.mt** (वर्गमीटर), कुल कवर्ड एरिया **-** (वर्गमीटर), ब्लाकों की संख्या **5** जिसमें

ब्लॉक/टावर	**प्रत्येक ब्लाक में तलों की संख्या**	**बेसमेन्ट की संख्या**	**ऊँचाई**
BLOCK A IT	22	2	96.50 mt.
BLOCK C RESIDENTIAL	26	2	82.95 mt.
BLOCK D INST	7	2	29.70 mt.
BLOCK E INST	9	2	36.30 mt.
BLOCK B COMMERCIAL	4	2	20.90 mt.

है। भवन का अधिभोग मैसर्स **YASHODA HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE LTD.BIO-TECH PARK** द्वारा किया जायेगा। इनके द्वारा भवन में अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का प्राविधान एन0बी0सी0 एवं तत्संबंधी भारतीय मानक ब्यूरो के आई0एस0 के अनुसार किया गया है। इस भवन को औपबन्धिक अनापत्ति प्रमाणपत्र, एन0बी0सी0 की अधिभोग श्रेणी **Assembly** के अन्तर्गत इस शर्त के साथ निर्गत किया जा रहा है कि प्रस्तावित भवन में अधिभोग श्रेणी के अनुसार सभी अग्निशमन व्यवस्थाओं के मानकों का अनुपालन पूर्ण रूप से किया जायेगा तथा भवन के निर्माण के पश्चात भवन के अधिभोग से पूर्व अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा। ऐसा न करने पर निर्गत प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाणपत्र स्वतः ही निरस्त मान लिया जायेगा, जिसके लिए मैसर्स **YASHODA HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE LTD.BIO-TECH PARK** अधिभोगी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा/होगें।

Note : अग्निशमन अधिकारी /मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा प्रेषित स्थलीय भोतिक निरीक्षण संस्तुति आख्या व अपलोडिड मानचित्रों के अनुसार सम्बन्धित सक्षम सत्ता प्राधिकारी को यह प्रोवीजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र इस शर्त के साथ निर्गत किया जाता है कि उपरोक्त भवन के अध्यासन/ प्रयोग से पूर्व समस्त अग्निशमन व्यवस्थाऐ मानको के अनुसार अधिष्ठापित कराया जाना अनिवार्य है, यदि भवन स्वामी द्वारा बिना व्यवस्थाओ के अध्यासन किया जाता है, तो भवन के असुरक्षित अध्यासन हेतु सत्ता प्राधिकारी निगरानी रखे।

"यह प्रमाण-पत्र आपके द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों , सूचनाओं के आधार पर निर्गत किया जा रहा है । इनके असत्य पाए जाने पर निर्गत प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा । यह प्रमाण-पत्र भूमि / भवन के स्वामित्व / अधिभोग को प्रमाणित नहीं करता है ।"

हस्ताक्षर (निर्गमन अधिकारी)

Digitally Signed By
(Aman Sharma)
[A0269865B740788D0DE1F7D7C6707A357F263D40]
06-12-2023

निर्गत किये जाने का दिनांक : 06-12-2023
स्थान : LUCKNOW